# प्रगति

## वेकोलि की त्रैमासिक पत्रिका



अप्रैल 2024 - जून 2024

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

www.westerncoal.in

# माननीय कोयला मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी एवं माननीय राज्यमंत्री श्री सतीश चन्द्र दुबे से वेकोलि के सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी ने की सौजन्य भेंट

## वेकोलि परिवार की ओर से दी शुभकामनाएँ



माननीय श्री जी. किशन रेड्डी जी के केंद्रीय कोयला मंत्री, भारत सरकार एवं माननीय श्री सतीश चन्द्र दुबे, राज्यमंत्री, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के पदभार ग्रहण करने के अवसर पर वेकोलि के सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी ने उनसे सौजन्य भेंट कर वेकोलि परिवार की ओर से शुभकामनाएँ दी।

इस भेंट के दौरान सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी ने देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में वेकोलि द्वारा किए जा रहे योगदान एवं सीएसआर के ज़रीए कोयलांचल के विकास के प्रयासों आदि के बारे में माननीय मंत्री जी को अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि वेकोलि का गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में देश के कुल कोयला उत्पादन में 69.11 मिलियन टन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में कोयला उत्पादन तथा प्रेषण का लक्ष्य 69 मिलियन टन निर्धारित किया गया है।

# सुश्री रूपिंदर ब्रार, अपर सचिव, कोयला मंत्रालय रहीं वेकोलि के दो दिवसीय दौरे पर

वेकोलि के दो दिवसीय दौरे पर नागपुर पहुँची कोयला मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली की अपर सचिव सुश्री रूपिंदर ब्रार (आई.आर.एस) ने दिनांक 08 जून 2024 को कंपनी मुख्यालय में वेकोलि के कार्य-निष्पादन की समीक्षा की। सुश्री ब्रार ने अपने संबोधन में कहा कि देश की कोयला जरूरतों के अनुरूप उत्पादन में वृद्धि के साथ ही सी.एस.आर के अंतर्गत समाजोन्मुखी कार्य भी आवश्यक हैं। टीम वेकोलि के उत्साह को देखकर उन्होंने विश्वास जताया कि वेकोलि अपने कोयला उत्पादन और प्रेषण के साथ-साथ सी.एस.आर आदि के लक्ष्यों को भी अवश्य हासिल करेगा। समीक्षा बैठक के दौरान वेकोलि के सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी ने कंपनी की वर्तमान स्थिति, खनन गतिविधियों तथा सी.एस.आर के कार्य आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी, साथ ही भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में निदेशक तकनीकी (संचालन तथा योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह, निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे एवं मुख्यालय के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष गण उपस्थित रहे।





तत्पश्चात, उन्होंने वेकोलि के प्रोजेक्ट TARASH के तहत आकाश-बायजू केंद्र में IIT-JEE तथा NEET परीक्षाओं का प्रशिक्षण ले रहे बच्चों से भेंट कर, बातचीत की। श्रीमती ब्रार ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयत्नशील रहने की सीख दी। उन्होंने वेकोलि मुख्यालय में स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ICCC) फॉर ई-सर्वेलंस का निरिक्षण भी किया तथा इस पहल की सराहना करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश भी दिये। उन्होंने नागपुर क्षेत्र का दौरा किया। यहाँ उन्होंने नागपुर क्षेत्र की सावनेर-1 भूमिगत खदान तथा इको पार्क का निरीक्षण किया एवं इस दिशा में अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।



अपने दौरे के दूसरे दिन उन्होंने चंद्रपुर क्षेत्र का दौरा किया। वहाँ उन्होंने दुर्गापुर ओपन कास्ट का निरिक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक गण श्री ए. के. सिंह, श्री बिक्रम घोष, CVO श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री हर्षद दातार तथा अधिकारी गण उपस्थित रहे। श्रीमती ब्रार ने टीम वेकोलि के सदस्यों को संबोधित करते हुए चंद्रपुर क्षेत्र की कार्य-प्रणाली और उपलब्धियों की मुक्त कंठ से सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट कर्मियों को सम्मानित कर उनका हौसला भी बढ़ाया।





# बाबा साहेब को टीम वेकोलि की आदरांजलि

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) में रविवार, 14 अप्रैल, 2024 को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर को आदरांजलि अर्पित की गयी। मुख्यालय में आयोजित समारोह में टीम वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी ने महामानव डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किये।



श्री द्विवेदी ने अपने संबोधन में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित निदेशक तकनीकी (संचालन तथा योजना/परियोजना) श्री ए. के. सिंह तथा सीवीओ श्री अजय मधुकर म्हेत्रे ने बाबा साहेब के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रति आदर व्यक्त किया।

इस अवसर पर संपर्क अधिकारी एससी/एसटी सेल श्री अतुल बनसोड ने बाबा साहेब के जीवनी का पठन किया। समारोह में उपस्थित विभाग प्रमुखों एवं अन्य कर्मियों ने भी बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक/कल्याण) श्री रॉबिन चटर्जी ने किया। उल्लेखनीय है कि कंपनी के सभी क्षेत्रों, इकाइयों एवं प्रतिष्ठानों में संविधान निर्माता के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।



# वेकोलि में "विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस" पर कार्यक्रम का आयोजन




वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) मुख्यालय में दिनांक 28.04.2024 को विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस (World Day for Safety & Health at Work) के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में निदेशक तकनीकी (संचालन तथा योजना/परियोजना) श्री ए. के. सिंह ने निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष के उपस्थिति में वेकोलि मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात उन्होंने सुरक्षा ध्वज फहराया।



इस अवसर पर अपने संबोधन में निदेशक तकनीकी (संचालन तथा योजना/परियोजना) श्री ए. के. सिंह ने कम्पनी कर्मियों से सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की बात पर बल दिया। उन्होंने कहा की कार्यस्थल पर सुरक्षा के साथ कार्य करें और अपने स्वास्थ्य का विशेष रूप से ख्याल रखें। यह दिवस हमें कार्य स्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने का संदेश देता है। इसका अनुसरण करते हुए हम शुन्य दुर्घटना के अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं।

अपने सम्बोधन के पूर्व उन्होंने कर्मियों को सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवायी। अंतरराष्ट्रीय श्रम संघ (ILO) की इस वर्ष थीम है - "Impacts of Climate Change on Occupational Safety & Helath".

# वेकोलि में
# 'विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस' पर कार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम में सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के विषय पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीमती सुजाता सरमुकद्दम तथा सीआईएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य श्री सी. जे. जोसेफ ने अपनी बात रखी।

इस अवसर पर महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं संरक्षण) श्री डी. बी. रेवतकर तथा संचालन प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री मिलिंद चहांदे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरक्षा एवं संरक्षण विभाग का सक्रीय योगदान रहा।

विदित हो कि सयुंक्त राष्ट्र महासभा की इकाई अंतर्राष्ट्रीय श्रम संघ (ILO) जनेवा की पहल पर विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संघ, अंतर्राष्ट्रीय आधारों पर मजदूरों तथा श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए नियम बनाता है। यह संयुक्त राष्ट्र की विशिष्ट संस्था है। 1969 में इसे विश्व शांति के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मज़दूरों के अधिकारों के लिए अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक संगठन का गठन किया गया है।



# “श्रमिक सम्मान एवं संवाद” कार्यक्रम में निदेशक (तकनीकी) श्री ए. के. सिंह




वेकोलि के निदेशक (तकनीकी) श्री ए. के. सिंह ने दिनांक 27 अप्रैल को नागपुर क्षेत्र द्वारा आयोजित “श्रमिक सम्मान एवं संवाद“ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 153 कर्मियों को सम्मानित किया गया। वेकोलि के निदेशक (तकनीकी) श्री ए. के. सिंह के साथ कार्यक्रम में जेबीसीसीआय के सदस्य, कल्याण मंडल के सदस्य तथा निदेशक (तकनीकी) के तकनीकी सचिव श्री बिनोद कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले कर्मियों को उनके सार्थक योगदान के लिए सम्मानित किया।

निदेशक (तकनीकी) श्री ए. के. सिंह ने कर्मियों के साथ "सार्थक संवाद" कर उनकी समस्याओं को सुना तथा यथोचित समाधान किया। उल्लेखनीय है कि नागपुर क्षेत्र ने वर्ष 2023-24 में कोयला उत्पादन, प्रेषण तथा ओवर बर्डन रिमूवल के मापदंडों में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर क्षेत्र की समन्वय समिति तथा कल्याण समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।



# कोल इंडिया लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष श्री अनिल कुमार झा पहुंचे वेकोलि मुख्यालय

## वेकोलि के अधिकारियों के साथ संवाद



कोल इंडिया लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष श्री अनिल कुमार झा ने दिनांक 03 मई 2024 को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड का दौरा किया। अपने वेकोलि दौरे में उन्होंने कंपनी से जुड़े अनुभवों को वेकोलि के अधिकारियों के साथ साझा किया और कंपनी की सफलता के लिए मूल-मंत्र दिए। उन्होंने कंपनी के कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। बैठक में वेकोलि के सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (संचालन तथा योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह, निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष तथा सभी क्षेत्रों के महाप्रबंधक और मुख्यालय के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

कोल कर्मियों के राष्ट्र-निर्माण में अहम योगदान को रेखांकित करते हुए श्री अनिल कुमार झा ने कहा कि देश को रोशन करने एवं देश को विकास के पथ पर निरंतर गतिमान रखने में अपना योगदान देने के लिए हर कोल कर्मीयों को गौरव महसूस करना चाहिए। उन्होंने कंपनी के विकास की संभावनाओं, उपलब्धियों एवं चुनौतियों पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने वर्क लाइफ बैलेंस पर भी अपनी बात रखी।

# सतर्कता विभाग की टीम ने किया वेकोलि के खदानों का औचक निरीक्षण

## कोल इंडिया के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री ब्रजेश कुमार त्रिपाठी रहे उपस्थित - दिए आवश्यक निर्देश






कोयला मंत्रालय, भारत सरकार की पहल के अनुपालन में, सीआयएल तथा उसकी अनुषंगी कंपनियों में प्रिवेंटिव सतर्कता और सुशासन सुनिश्चित करने की दिशा में कोल इंडिया के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री ब्रजेश कुमार त्रिपाठी एवं वेकोलि के सीवीओ श्री अजय मधुकर म्हेत्रे ने इंटर-डिसिप्लिनरी अधिकारियों की टीम के साथ दिनांक 05.05.2024 को वणी क्षेत्र की नीलजई ओपन कास्ट खदान तथा घुगुस रेलवे साइडिंग का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण खदानों में वास्तविक रूप से उपलब्ध कोल स्टॉक के साथ बुक स्टॉक की सटीकता की जांच करने के लिए किया गया। निरीक्षण के दौरान वे-ब्रिज (दोनो छोर पर वज़न), बूम-बैरियर और क्रशर, RFID स्कैनर जैसी सूचना प्रौद्योगिकी की प्रणालियों की भी जांच की गई।

इसके उपरांत क्षेत्रों में अधिकारियों के बीच प्रिवेंटिव सतर्कता और सुशासन पर जागरूकता लाने हेतु कोल इंडिया के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री ब्रजेश कुमार त्रिपाठी तथा वेकोलि के सीवीओ श्री अजय मधुकर म्हेत्रे ने चंद्रपुर क्षेत्र में आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित किया। इसमें वेकोलि के पांच क्षेत्रों के लगभग 170 अधिकारयों ने भाग लिया। कोल इंडिया के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि कोल इंडिया कंपनी का ब्रांड वैल्यू बढ़ाना है तथा इसे "मूल्यवान" कंपनी से "मूल्यों" की कंपनी बनाना हैं ।



# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.-2) की छमाही समीक्षा बैठक और पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

दिनांक 09-05-2024 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), नागपुर (कार्यालिय-2) की छमाही समीक्षा बैठक एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।







बैठक की अध्यक्षता श्री जय प्रकाश द्विवेदी, अध्यक्ष, नराकास (का.-2) एवं सीएमडी, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने की। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अनिल कुमार सिंह, निदेशक तकनीकी (संचालन / योजना एवं परियोजना), वेकोलि, उप निदेशक (कार्यान्वयन), मुंबई डॉ. सुस्मिता भट्टाचार्य, सुप्रसिद्ध साहित्यकार श्री लक्ष्मीकांत वाजपेयी, भारतीय मानक ब्यूरो के वैज्ञानिक (ई) श्री हेमंत बी. आड़े तथा वेकोलि के राजभाषा प्रमुख श्री राकेश कुमार सिंह उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए नराकास (का.-2) के अध्यक्ष एवं सीएमडी डब्ल्यूसीएल श्री जय प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि हिंदी राष्ट्र को एक सूत्र में बंधती है तथा देश के हर कोने में अब हिंदी का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदी एक सरल, सुगम एवं अत्यधिक इस्तेमाल की जाने वाली भाषा है तथा हिंदी के माध्यम से ही हमारी संस्कृति का वहन संभव है। उन्होंने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार को आवश्यक बताते हुए सभी सदस्य कार्यालयों को अधिक-से-अधिक कार्य राजभाषा हिन्दी में करने और गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के दिशानिर्देशों का अनुपालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी कार्यालयों से नरकास की मौलिक पुस्तक लेखन प्रतियोगिता में सहभागी होने का आग्रह किया। उन्होंने नराकास (का.-2) के सदस्य कार्यालयों के लिए "नराकास हिंदी गौरव" मौलिक हिंदी पुस्तक लेखन योजना के शुभारंभ की घोषणा की। जिसके अंतर्गत पचास हजार रुपये की पुरस्कार राशि का प्रावधान किया गया है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में वेकोलि के निदेशक तकनीकी (संचालन / योजना एवं परियोजना) श्री अनिल कुमार सिंह ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी सदस्य कार्यालयों के प्रमुखों का स्वागत करते हुए कहा कि हमें हिंदी को मुख्य भाषा के रूप में स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने हिंदी के प्रचार-प्रसार में नराकास के भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

उप निदेशक (कार्यान्वयन), मुंबई डॉ. सुस्मिता भट्टाचार्य ने नराकास-2 के अधीन कार्यालियों में हिंदी के प्रयोग की समीक्षा की। अपने संबोधन में उन्होंने हिंदी के व्यापक इस्तेमाल के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।





बैठक में गत 6 माह में आयोजित नराकास-2 की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वेकोलि की मौलिक पुस्तक लेखन योजना के अंतर्गत पुस्तक 'आरजू' (काव्य-संग्रह) के लिए श्री वेंकट रायलिंगु भंडारी, ड्राईवर, उत्खनन विभाग, गौरी डीप, बल्लारपुर क्षेत्र, वेकोलि, को अतिथियों ने सर्टिफिकेट एवं पच्चीस हजार रूपये की पुरस्कार राशि के साथ सम्मानित किया। प्रसिद्ध साहित्यकार श्री लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने काव्य पाठ कर दर्शकों का मान मोह लिया। उन्होंने अपने अनेक संस्मरण भी साझा किए।

बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई एवं आम सहमति बनी। इस अवसर पर सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान नराकास (का.-2) के सदस्य कार्यालयों / विभागों के प्रमुख सहित सदस्य कार्यालयों के राजभाषा अधिकारी, अनुवाद अधिकारी एवं पुरस्कार विजेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नराकास-2 के सदस्य सचिव एवं उप प्रबंधक (राजभाषा) डॉ. मनोज कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन वेकोलि के राजभाषा प्रमुख श्री राकेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजभाषा विभाग की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# वेकोलि का नागरिक संरक्षण निदेशालय, महाराष्ट्र राज्य के साथ इकरारनामा

## सुरक्षा कर्मियों के प्रशिक्षण को सशक्त करने हेतु की गई पहल



सुरक्षा विभाग प्रशिक्षण को सशक्त करने की दिशा में वेकोलि ने दिनांक 15 मई 2024 को नागरिक संरक्षण निदेशालय, महाराष्ट्र राज्य के साथ मुंबई में एक ऐतिहासिक इकरारनामा हस्ताक्षरित किया। कोयला सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देश में संपन्न इस इकरारनामे में सुरक्षा, कानून और व्यवस्था उपायों के संबंध मे महाराष्ट्र के प्रधान सचिव, ग्रह विशेष श्री ए. के सिंह, एडीजीपी (भा.पु.से) और श्री विनायक चव्हाण, उप सचिव (गृह विशेष) के साथ ले. कमांडर विक्रान्त मलहन, मुख्य सुरक्षा अधिकारी, वेकोलि ने औपचारिक मुलाकात और बातचीत की। उन्होंने वेकोलि की राष्ट्रीय ऊर्जा स्त्रोत तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण से की जाने वाली गतिविधियों से भी अधिकारियों को अवगत कराया।

इस इकरारनामे से वेकोलि के वरीय सुरक्षा कर्मियों को नागरिक संरक्षण निदेशालय, महाराष्ट्र सरकार के तत्वाधान में एक निश्चित अवधि के लिए महाराष्ट्र राज्य की मुंबई एवं पुणे स्थित शहरी इकाइयों में समन्वय प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। साथ ही, वेकोलि को महाराष्ट्र राज्य की महत्वपूर्ण सिविल डिफेंस स्थापना (VICDU) के रूप में क्रियान्वित किया गया है, जिससे भविष्य में इस प्रदेश में आने वाली प्राकृतिक आपदा या राष्ट्रीय आपातकालीन स्थिति में यहाँ कार्यरत सुरक्षाकर्मी देश एवं राज्य के प्रति अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान कर सकेंगे।

इस इकरारनामे (MoU) को वेकोलि की ओर से ले. कमांडर विक्रान्त मलहन, मुख्य सुरक्षा अधिकारी एवं नागरिक संरक्षण निदेशालय के संचालक, महाराष्ट्र राज्य के एडीजीपी श्री प्रभात कुमार, भा.पु.से के समक्ष एक भव्य समारोह में संपन्न किया गया।

# नागपुर क्षेत्र की पाटनसावंगी खदान में मैन राइडिंग सिस्टम का उद्घाटन





नागपुर क्षेत्र की पाटनसावंगी खदान में दिनांक 18.05.2024 को वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी द्वारा निदेशक (तकनीकी) श्री ए. के. सिंह की उपस्थिति में मैन राइडिंग सिस्टम का उद्घाटन किया गया। 612 मीटर लंबे इस मैन राइडिंग सिस्टम से श्रमिकों की खदान में आवाजाही में सुविधा, उत्पादन में सुधार तथा कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। इस अवसर पर नागपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री सुनील कुमार, सीएमडी के तकनीकी सचिव श्री तरुण कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्र के विभागाध्यक्ष, उप क्षेत्रीय प्रबंधक गण, कोलियरी मैनेजर, ट्रेड यूनियन प्रतिनिधि तथा क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




# वेकोलि के 'विज़न 2047' पर विशेष सत्र

वेकोलि मुख्यालय स्थित एमडीआई में दिनांक 21.05.2024 को 'विज़न 2047' पर एक दिवसीय सत्र का विशेष आयोजन किया गया। निदेशक तकनीकी श्री ए. के. सिंह ने इस सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में 'विज़न 2047' के मुख्य बिन्दुओं पर विस्तार से बात की। उन्होंने 'विज़न 2047' के महत्व को रेखांकित करते हुए लक्ष्य पूर्ति में सब के समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया।

सत्र में महाप्रबंधक (योजना एवं परियोजना) श्री राकेश प्रसाद ने 'विज़न 2047' पर संक्षिप्त लेकिन सूचनात्मक पावरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थित कर्मियों को विज़न की विस्तृत जानकारी प्रदान की।










कार्यक्रम में वेकोलि के विभागाध्यक्षों के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता रही। इस सत्र को 'विज़न 2047' पर एक विस्तृत ब्रेन स्टोर्मिंग श्रृंखला की प्रस्तावना के रूप में आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य एक समयबद्ध कार्य योजना तैयार करना है, जिससे 'विज़न 2047' के निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर सीएमडी के तकनीकी सचिव श्री तरुण कुमार श्रीवास्तव प्रमुखता से उपस्थित रहे।

# भूमिगत खदानों में रेज़िन बोल्टिंग के उपयोग पर कार्यशाला का आयोजन




दिनांक 18 मई 2024 को वेकोलि मुख्यालय स्थित वेल्फेयर हाल में भूमिगत खदानों में रेज़िन बोल्टिंग के उपयोग पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी द्वारा निदेशक तकनीकी श्री ए. के. सिंह की उपस्थिति में किया गया। कार्यशाला में भूमिगत खदानों में रेज़िन बोल्टिंग उपयोग के विभिन्न आयामों एवं SEPT (Short Encapsulation Pull Test) पर सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी ने प्रतिभागियों को विषय संबंधित उपयोगी तकनीकी जानकारी दी।



इस अवसर पर सीएमडी के तकनीकी सचिव श्री तरूण कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं संरक्षण) श्री डी. बी. रेवतकर, क्षेत्रीय महाप्रबंधक (नागपुर क्षेत्र) श्री सुनील कुमार, महाप्रबंधक (भूमिगत) श्री एस. जी. वैरागड़े, महाप्रबंधक (कार्मिक/मा.सं.वि) श्री पी. नरेंद्र कुमार, वेकोलि मुख्यालय के आयएसओ के सभी अधिकारी, नागपुर क्षेत्र के सभी उप-क्षेत्रीय प्रबंधक, खान प्रबंधक, सुरक्षा अधिकारी, अन्य अधिकारी एवं खनन पर्यवेक्षकों ने भाग लिया । कार्यशाला में स्वागत भाषण महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं संरक्षण) श्री डी. बी. रेवतकर, धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (कार्मिक/मा.सं.वि) श्री पी. नरेंद्र कुमार ने तथा मंच संचालन मुख्य प्रबंधक (खनन) श्री शैल कान्त पांडे ने किया।

# वेकोलि में 'वर्क लाइफ बैलेंस एवं बैलेंस डाइट विषय पर कार्यशाला का आयोजन

वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में दिनांक 30.05.2024 को फोरम आफ विमेन इन पब्लिक सेक्टर एवं मानव संसाधन विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए 'वर्क लाइफ बैलेंस एवं बैलेंस डाइट' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का टीम वेकोलि की महिला सदस्यों ने भरपूर लाभ उठाया।

कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में उपस्थित श्री पी. नरेन्द्र कुमार, महाप्रबंधक (कार्मिक/मा.सं.वि.) ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में सफलता से कार्य कर रही हैं और हर मोर्चे पर उनकी बढ़ती संख्या इस बात की पुष्टि करती है कि वे हर तरह का कार्य करने में सक्षम हैं।



विषय के बारे में अतिथि व्याख्याता के रूप में उपस्थित डॉ. रेश्मी फाटक ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागी महिला कर्मचारियों के प्रश्न तथा शंकाओं का निरसन किया। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण में मुख्यालय में विभिन्न पदों पर कार्यरत 80 महिला अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यशाला का संचालन मुख्य प्रबंधक (मा.सं.वि.) श्रीमती अनुपमा टेमुर्णीकर ने किया।

# वेकोलि ने सोल्लास मनाया 'विश्व पर्यावरण दिवस'

टीम वेकोलि द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर दिनांक 05.06.2024 को कंपनी मुख्यालय में वृक्षारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। पर्यावरण दिवस के इस कार्यक्रम में सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक तकनीकी (संचालन तथा योजना/परियोजना) श्री ए. के. सिंह, निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे उपस्थित थे।






कार्यक्रम के प्रारंभ में वेकोलि के सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी ने पर्यावरण ध्वज फहराया तथा कर्मियों को पर्यावरण - संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई। इसके उपरांत, कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष श्री पी. एम. प्रसाद के पर्यावरण दिवस के संदेश का वाचन महाप्रबंधक (पर्यावरण) श्री ए. के. दीक्षित द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान, पर्यावरण संवर्धन के क्षेत्र में, वेकोलि द्वारा किए जा रहे विविध प्रयासों पर आधारित पोस्टर का अनावरण किया गया। उपरान्त सभी अतिथियों ने पौधा रोपण किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक गण, विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री मिलिंद चहांदे, प्रबंधक (जनसंपर्क) ने किया।

# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

(एक मिनी रत्न कंपनी)
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)

कोल इस्टेट, सिविल लाईंस, नागपुर, महाराष्ट्र 440001

Western Coalfields Limited @teamwcl @westerncoalfieldslimited304 @TeamWCL westerncoal.in